दिन–रविवार दिनांक– 05 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया सीट पर आज शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– इंडी गठबंधन के घटक दल समाज को बांटने और देश की एकता को तोड़ने में जुटे हैं।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी। पांच संसदीय क्षेत्रों में बयासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से ग्यारह मई तक प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश और वज्रपात की ओशंका।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। सात मई को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इस चरण में चौवन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। सुपौल में पन्द्रह, खगड़िया में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार हैं। इस चरण में अंठानवे लाख साठ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार को प्रयोग करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों में पहली बार मतदान करने वालों की संख्या लगभग एक लाख पैंतालीस हजार है।

तीसरे चरण के पांच संसदीय क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच ही है। झंझारपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। सुपौल संसदीय सीट पर जदयू के निवर्तमान सांसद दिलेश्वर कामैत का मुकाबला राजद के चन्द्रहास चौपाल से होगा। वहीं, मधेपुरा में जदयू के दिनेश चन्द्र यादव के सामने राजद के प्रोफेसर चन्द्र दीप हैं, जबकि खगड़िया में सीपीएम के सजय कुमार के सामने लोजपा, रामविलास के राजेश वर्मा अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। इधर, अररिया संसदीय क्षेत्र में एनडीए की ओर से भाजपा के निवर्तमान सांसद प्रदीप सिंह और इंडी गठबंधन से राजद के शाहनवाज आलम चुनावी मैदान में हैं।

---

इस चरण में बहुजन समाज पार्टी सभी पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड तीन–तीन और भाजपा एक सीट पर

चुनाव लड़ रही है। वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और सीपीएम एक–एक सीट पर चुनाव लड़ रही है।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान कोसी प्रमंडल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। कोसी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक, डीआईजी मनोज कुमार ने बताया कि आज शाम से भारत नेपाल सीमा को सील कर दिया जायेगा। मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए अस्सी प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर पारा मिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहरसा, दरभंगा और नवगछिया से लगी सीमा भी सील रहेगी। डीआईजी ने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए वीरपुर में एक हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सहरसा, सुपौल तथा मधेपुरा के दिराया इलाकों में घुड़सवार दस्ते को तैनात किया जा रहा है। नदियों में नाव से गश्ती की जायेगी।

——————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए जनसभाएं, रोड शो और जनसंपर्क कर रहे हैं।

——————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और राजद समेत इंडी गठबंधन के सभी घटक दल समाज को बांटने और देश की एकता को तोड़ने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। श्री मोदी दरभंगा में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट————

प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि दरभंगा में विकास के कई काम हुये हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण में आ रही दिक्कतों को भी दूर किया जा रहा है।

———बाईट———

——————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, मधेपुरा और सुपौल लोकसभा क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने केन्द्र सरकार पर लोगों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

---बाईट---

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल बयासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन क्षेत्रों से कुल इक्कीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। सबसे अधिक छब्बीस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मुजफ्फरपुर में सही पाये गये। वहीं, सारण और सीतामढ़ी से पंद्रह–पंद्रह, हाजीपुर में चौदह और मधुबनी में बारह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच में सही मिले हैं। उम्मीदवार कल अपना नाम वापस ले सकते हैं।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सीतामढ़ी लोकसभा सीट की। सीतामढ़ी बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां पांचवें चरण में बीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

---बाईट---

माता सीता की जन्मस्थली के रूप में विख्यात सीतामढ़ी, मिथिला का एक प्रमुख और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर है। 1957 में गठित, यह लोकसभा सीट राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। शुरुआती दौर में यह क्षेत्र समाजवादियों का गढ़ रहा था। बाद में कांग्रेस, जनता दल और राजद ने भी यहां अपनी जीत दर्ज की। 2014 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के रामकुमार शर्मा और 2019 में जदयू के सुनील कुमार पिंटू यहां से सांसद चुने गए। सुनील कुमार पिंटू भाजपा के नेता थे लेकिन पिछले चुनाव में कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि उन्हें जद यू के टिकट पर चुनाव लडना पड़ा था। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद वे नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयानबाजी करते रहे, जिस कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जद यू ने विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इंडी गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व सांसद अर्जुन राय को मैदान में उतारा है। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा है। हालांकि, भाजपा के बागी श्याम नंदन प्रसाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। इस बीच, एक नए घटनाक्रम में राजद प्रत्याशी अर्जुन राय की पत्नी रीना राय ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया है। भागौलिक दृष्टिकोण से देखें तो सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से तीन सीटों – बथनाहा, परिहार और सीतामढी पर भाजपा और दो विधानसभा सीटों – सुरसंड तथा रुन्नी सैदपुर पर जद यू का कब्जा है। सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र बाजपट्टी से राजद के विधायक हैं। यानी विधानसभावार एन डी ए का पलड़ा काफी मजबूत है। सीतामढ़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग काफी पुरानी रही है। पक्ष और विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को पूरा करने के दावे भी किए जाते रहे हैं। इस बार एनडीए नेताओं द्वारा अयोध्या की तर्ज पर ही सीतामढ़ी में भगवती सीता का भव्य मंदिर निर्माण कराने की बात कही जा रही है। वहीं, इंडी गठबंधन के नेता तत्कालीन पर्यटन मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा पुनौराधाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा कर रहे हैं। बाढ़ और सुखाड़ का दंश झेल रहे सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र में खेती किसानी की समस्या विकराल रही है। जिले के इकलौते रीगा चीनी मिल बंद होने से गन्ना किसानों में काफी मायूसी है। वहीं, लोगों द्वारा बैरगनिया को अनुमंडल और पुपरी को जिला बनाने की मांग भी की जाती

रही है। कुछ ट्रेनों का परिचालन बंद होने से भी लोगों में नाराजगी है। यह देखना काफी रोचक होगा कि मतदाता एन डी ए और इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा किए जा रहे दावों – प्रतिदावों में किस पर अपना विश्वास जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया कल समाप्त हो जायेगी। इन लोकसभा क्षेत्रों से अब तक कुल अठ्हत्तर उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। इनमें महाराजगंज से भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, गोपालगंज से जदयू प्रत्याशी आलोक कुमार सुमन और सीवान से जदयू की विज्यालक्ष्मी देवी, हाजीपुर से चिराग पासवान प्रमुख उम्मीदवार हैं। वहीं, गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन से वीआईपी प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल, शिवहर से राजद की रितु जायसवाल और पश्चिम चंपारण से कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इस चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होगा।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में कल से ग्यारह मई तक बारिश और वज्रपात के आसार है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया  कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते राज्य में बारिश की सम्भावना बनी हुई है।

———बाईट———

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव कराने के लिए ड्यूटी पर जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत गया जिला निवासी आरक्षी सुधीर कुमार के परिजनों को पच्चीस लाख रूपये की सहायता राशि का चेक वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने सौंपा है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रत्याशियों की सम्पत्ति की खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– बिहार में चौथे चरण के बयालीस प्रतिशत

प्रत्याशी करोड़पति। पचपन उम्मीदवारों में अट्ठारह प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दैनिक जागरण ने जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा में दिये गये बयान पर लिखा है– हम लोगों को छोड़ उनको वोट दीजियेगा तो नाश कर देगा।

दैनिक भास्कर ने टी–ट्वेंटी विश्व कप पर खबर दी है– दस विदेशी टीमों में से पांच में इक्कीस खिलाड़ी भारतीय मूल के। अमेरिकी दल में भी आठ भारत के निवासी।

प्रभात खबर ने राज्य में अंगिभूत कॉलेजों में प्राचार्यों के नियुक्ति पर खबर दी है– कॉलेज प्राचार्य नियुक्ति को राजभवन से मंजूरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया सीट पर आज शाम थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– इंडी गठबंधन के घटक दल समाज को बांटने और देश की एकता को तोड़ने में जुटे हैं।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी। पांच संसदीय क्षेत्रों में बयासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– कल से ग्यारह मई तक प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश और वज्रपात की ओशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।